संचय
SANCHAYA

रा ब सं
जनसेवा में 50 वर्षों से अधिक
NSI
Over 50 Years in Service of People

मासिक प्रकाशन | **Monthly Publication**

दिसम्बर, 2010 (अंक 204) | **December 2010 (Issue 2**

श्री. अनिल भट्टाचार्य, निदेशक, एवं विभागाध्यक्ष, राष्ट्रीय बचत संस्थान, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार, 18-22 अक्टूबर 2010 के दौरान केप टाऊन दक्षिण आफ्रीका में 13 वे विश्व बचत बैंक संस्थान पोस्टल सेविंग्स बँक फाऊन्डेशन के प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए।

राष्ट्रीय बचत संस्थान वित्त मंत्रालय ने 18-22 अक्टूबर 2010 के दौरान केपटाऊन दक्षिण आफ्रीका में 13 वे विश्व बचत संस्थान पोस्टल सेविंग्स बँक संस्थान - बी.एम.जी.एफ. डब्लिंग सेविंग्स अकाऊन्ट प्रोजेक्ट के मध्यवर्ती कार्यशाला मे भाग लिया।

श्री. अनिल भट्टाचार्य, निदेशक, राष्ट्रीय बचत संस्थान, नागपूर तथा श्री. एम. ए. खान, अवर सचिव, वित्त मंत्रालय को भारत सरकार ने केपटाऊन दक्षिण आफ्रीका में आयोजित 13 वे विश्वबचत बैंक संस्थान पोस्टल सेविंग्स बैंक फोरम और मध्यवर्ती कार्यशाला में भाग लेने हेतु नामांकित किया था । इस कार्यशाला का आयोजन विश्व बचत बैंक संस्थान और बिल तथा मेलिण्डा गेट्स फाऊन्डेशन ने किया था । इस 13 वीं डाक बचत बैंक फोरम कि विषय-वस्तु प्रति स्पर्धात्मक और सुधारित डाक और बैंकिंग सेवाओं के माध्यम से चुनौतियो से सामना था । इस दो दिनो के व्याख्यानो के दौरान मुख्य फोकस इस बात पर रहा कि डाकघर के द्वारा इतनी लम्बी अवधि तक बैकिंग क्षेत्रो में कैसे संबंध रहा ।

13 वीं डाक बचत बैंक फोरम में अनेक अपनाये गये मसौदों की समीक्षा और सामाजिक एवं वित्तिय समायोजन की महत्वपूर्ण भूमिका अदा करने और विस्तृत्व उत्पादों एवं सेवाएं प्रदान करने के उद्देश्य को दष्टिगत रखते हुए इन मसौदों की ओर डाक बचत संस्थानों ने ध्यान देना चाहिए । इस कार्यशाला में विभिन्न सदस्य देशों से आये 100 प्रतिनिधी मंडलो ने जिसमे भारत,अलस्लबाडोर, इरान, पाकिस्तान, ताजकिस्तान, लापोस्ते, इंडोनेशिया, वियतनाम, केनिया, युगांडा, तंजानिया, साऊथ आफ्रीका, मोरक्को, बोलविया, श्रीलंका एवं अन्य देशो ने भाग लिया ।

इस कार्यशाला के दौरान निर्धनों के खातों को दुगना करने, उन तक उत्पादों की पहुच को बढ़ाने और रा. ब. संस्थान द्वारा गरीबों तक अपनी योजनाओं को पहुचाने के विभिन्न तरीकों पर चर्चा हुई ।

श्री. अनिल भट्टाचार्य, निदेशक, राष्ट्रीय बचत संस्थान ने अपना प्रस्तुतीकरण दिया जिसमे उन्होने कहाँ कि अफ्रीकी देश राष्ट्रीय बचत संस्थान द्वारा संसाधनो के एकत्रीकरण में विकसित की गई विशेषज्ञता जिसमे उत्पाद सृजन, उत्पाद का पुनर्गठन का समावेश है का लाभ ले सकते है जिसे वे अपने देश मे अपना सकते है ।

13 वे विश्व बचत बैंक संस्थान पोस्टल सेविंग्स बैंक फोरम में (बाये से) श्री. एम. ए. खान, अवर सचिव, वित्त मंत्रालय, नई दिल्ली (मध्ये में) श्री. अनिल भट्टाचार्य, निदेशक एवं विभागाध्यक्ष, राष्ट्रीय बचत संस्थान और (दाये में) फोरम के अन्य सदस्य दिखाई दे रहे है ।

राष्ट्रीय बचत संस्थान ने क्षेत्रीय निदेशकों के लिये "प्रभावशाली प्रशासन के द्वारा संसाधनो के एकत्रीकरण हेतु नीतियां" कार्यशाला आयोजित की ।

राष्ट्रीय बचत संस्थान, भारत सरकार वित्त मंत्रालय, आर्थिक कार्य विभाग ने क्षेत्रीय निदेशको के लिए एक मध्यवर्ती समीक्षा बैठक और एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया । कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य प्रभावशाली प्रशासन के द्वारा संसाधनो के एकत्रीकरण हेतु नीतियाँ बनाना जिससे कि राष्ट्रीय बचत संस्थान के उत्पादों की बाजारीय भागीदारी को स्थिर रखते हुए घरेलू उत्पादों की भागीदारी को बढ़ाना है । कार्यशाला का उद्घाटन श्री. अनिल भट्टाचार्य, निदेशक एवं विभागाध्यक्ष राष्ट्रीय बचत संस्थान और श्री. ए. के. धवन, अवर सचिव, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार नई दिल्ली ने किया ।

उद्घाटन की औपचारिकता के बाद श्री. ए. के. धवन ने अपने प्रस्तुतीकरण में भारत सरकार की बजट प्रणाली एवं मंत्रालय के बजट विभाग के कार्यो पर प्रकाश डाला उन्होने आगे बताया कि बजट की तैयारी पूरे वर्ष भर शुरू रहती है और विभिन्न विभागों की आकस्मिक आवश्यकताओं को पूरा किया जाता है । भारत सरकार के विभिन्न विभागों की वित्तीय आवश्यकता को पूरा करने तथा परेशानियों को दूर करने हेतु पूरक माँगो का अनुमोदन किया जाता है ।

श्री. अनिल भट्टाचार्य, निदेशक एवं विभागाध्यक्ष राष्ट्रीय बचत संस्थान ने अपने संबोधन में राष्ट्रीय बचत संस्थान की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुये बताया है कि राष्ट्रीय बचत संस्थान द्वारा सकल जमा रु. 104484.06 करोड़ और शुद्ध जमा रू. 20217.97 करोड़ माह अगस्त 2010 तक जो कि धनात्मक प्रगति है ।

उन्होने राष्ट्रीय बचत संस्थान द्वारा अल्प बचत के आधार स्तंभ जैसे अभिकर्ताओं, डाकघरो, बैंको तथा राज्य सरकारों के लिए आयोजित प्रशिक्षण कायक्रमो पर भी प्रकाश डाला और बताया कि स्वयं सहायता समूह के मदद से दूरस्य ग्रामीण क्षेत्रों मे बचत अभियान का आयोजन किया गया साथ ही संयोजन समिति की बैठक आयोजित कर लोक शिकायतों का निवारण किया गया ।



श्री. राजीव सागर, क्षेत्रीय निदेशक, राष्ट्रीय बचत संस्थान, चंडीगढ़ केन्द्र, पंजाब, हरियाणा तथा केन्द्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के जमाकर्ता, अभिकर्ताओं की शिकायतो को निवारण करने हेतु संयोजन समिति के बैठक में समीक्षा करते हुये दिखाई दे रहे हैं ।